# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2017

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2017

## (ANNUAL / वार्षिक)

# POLITICAL SCIENCE

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

SECTION-A

bsebresult.in

सही विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए -

1. राज्यों के पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?

(a) गोविन्द बल्लभ पन्त

(b) के. एम. पन्निकर

(c) पण्डित हृदय नाथ कुंजरू

(d) न्यायमूर्ति फजल अली

2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष कौन थीं?

(a) एनी बेसेन्ट

(b) इन्दिरा गांधी

(c) सोनिया गाँधी

(d) इनमें से कोई नहीं

3. राष्ट्रीय विकास परिषद् की स्थापना कब हुई ?

(a) 1950

(b) 1952

(c) 1955

(d) 1956

4. एम. एस. स्वामीनाथन का सम्बन्ध था

(a) श्वेत क्रान्ति से

(b) नीली क्रान्ति से

(c) ऑपरेशन फ्लड से

(d) हरित क्रान्ति से

5. भारत ने पहला सफल परमाणु परीक्षण कब किया ?

(a) 1963

(b) 1974

(c) 1980

(d) 1998

6. किस वर्ष चीन ने भारत पर आक्रमण किया ?

(a) 1962

(b) 1964

(c) 1965

(d) 1966

bsebresult.in

7. भारत में लौह पुरुष के नाम से कौन जाने जाते हैं ?

(a) महात्मा गांधी

(b) पं. जवाहर लाल नेहरू

(c) सरदार पटेल

(d) इनमें से कोई नहीं

8. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक कौन थे ?

(a) लियाकत अली

(b) ए. ओ. ह्यूम

(c) एस. एन. बनर्जी

(d) गोखले

9. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राष्ट्रीय आपातकाल लगाया जा सकता है ?

(a) अनुच्छेद 352

(b) अनुच्छेद 356

(c) अनुच्छेद 360

(d) अनुच्छेद 368

10. विश्व में शान्ति बनाए रखने का दायित्व किस पर है ?

(a) महासभा

(b) सुरक्षा परिषद

(c) आर्थिक व सामाजिक परिषद्

(d) महासचिव

bsebresult.in
by: BSEBResult.In
bsebresult.in

11. डी. एम. के किस राज्य की क्षेत्रीय पार्टी है ?

(a) असम

(b) नागालैण्ड

(c) केरल

(d) तमिलनाडु

12. विश्व महिला दिवस कब मनाया जाता है ?

(a) 10 दिसम्बर

(b) 8 मार्च

(c) 1 दिसम्बर

(d) 2 अक्टूबर

bsebresult.in

13. मण्डल कमीशन रिपोर्ट की सिफारिशों को किस प्रधानमंत्री ने लागू किया ?

(a) चन्द्रशेखर

(b) मोरारजी देसाई

(c) चरण सिंह

(d) वी. पी. सिंह

14. किसे नए सामाजिक आन्दोलन की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता ?

(a) चिपको आन्दोलन

(b) नर्मदा बचाओ आन्दोलन

(c) टेहरी बाँध आन्दोलन

(d) गृह स्वराज्य आन्दोलन

15. भारतीय जनता पार्टी किस पार्टी का नया नाम है ?

(a) भारतीय जनसंघ

(b) भारतीय क्रान्ति दल

(c) भारतीय लोक दल

(d) भारतीय जनता दल

16. भारत में गठबन्धन की सरकार के पहले प्रधानमंत्री कौन थे ?

(a) वी. पी. सिंह

(b) देवगौड़ा

(c) इन्द्रकुमार गुजराल

(d) अटल बिहारी वाजपेयी

17. पूरब बनाम पश्चिम पदबन्ध का आशय किससे है ?

(a) विश्व युद्ध से

(b) शीत युद्ध से

(c) तनाव शैथिल्य से

(d) उत्तर शीत-युद्ध दौर से

18. सोवियत संघ ने कौन-सा सैनिक गुट बनाया ?

(a) नाटो

(b) सीटो

(c) सेन्टो

(d) वारसा सन्धि

bsebresult.in

19. 1955 के वारसा सन्धि में कौन-सा देश सदस्य नहीं था ?

(a) सोवियत संघ

(b) पोलैण्ड

(c) पश्चिमी जर्मनी

(d) पूर्वी जर्मनी

20. 1917 में रूस में समाजवादी राज्य की स्थापना किसने की ?

(a) कार्ल मार्क्स

(b) फ्रेडरिक एंजिल्स

(c) लेनिन

(d) स्टालिन

bsebresult.in

21. परमाणु अप्रसार सन्धि पर किस राज्य ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं ?

(a) ईरान

(b) उत्तरी कोरिया

(c) भारत

(d) चीन

22. 'यूरो' क्या है ?

(a) सार्क देशों की मुद्रा

(b) पाक की मुद्रा

(c) यूरोपीय संघ की मुद्रा

(d) इनमें से कोई नहीं

23. इंगलैण्ड का वर्तमान प्रधानमंत्री कौन है ?

(a) जॉन मेजर

(b) टोनी ब्लेयर

(c) डेविड कैमरून

(d) थेरेसा मे

24. 'दक्षेस' का पहला सम्मेलन किस देश में हुआ ?

(a) भारत

(b) बांग्लादेश

(c) पाकिस्तान

(d) श्रीलंका

25. राष्ट्रीय पंचायत किस देश की संसद है ?

(a) बांग्लादेश

(b) भूटान

(c) नेपाल

(d) पाकिस्तान

26. निम्नलिखित में से कौन-सा देश सार्क का सदस्य है ?

(a) मलेशिया

(b) इण्डोनेशिया

(c) जापान

(d) भारत

bsebresult.in

27. वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ का महासचिव कौन है ?

(a) कोफी अन्नान

(b) शशि थरूर

(c) बान की मून

(d) इनमें से कोई नहीं

28. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ है ?

(a) जेनेवा

(b) बर्लिन

(c) न्यूयार्क

(d) हेग

29. यू. एन. ओ. निःशस्त्रीकरण आयोग कब बना ?

(a) 1945

(b) 1952

(c) 1960

(d) 1965

30. पर्यावरण सुरक्षा के लिए सबसे पहला अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ हुआ ?

(a) रियो डी जेनेरियो

(b) क्योटो

(c) स्टॉकहोम

(d) न्यूयार्क

bsebresult.in

31. 1992 में किस शहर में पृथ्वी सम्मेलन हुआ ?

(a) क्योटो

(b) रियो डी जेनेरियो

(c) लन्दन

(d) न्यूयार्क

32. निम्नलिखित में से किस देश ने खुले द्वार की नीति अपनाई ?

(a) भारत

(b) ब्रिटेन

(c) पाक

(d) चीन

33. 1972 में भारत-पाक के बीच हुए समझौते को क्या कहते हैं ?

(a) शिमला समझौता

(b) लाहौर समझौता

(c) कराची समझौता

(d) नई दिल्ली समझौता

34. भारतीय अर्थव्यवस्था है

(a) पूँजीवाद

(b) साम्यवाद

(c) मिश्रित

(d) इनमें से कोई नहीं

bsebresult.in

35. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का मुख्यालय कहाँ है ?

(a) मनीला

(b) जकार्ता

(c) पेरिस

(d) वाशिंगटन

36. बांग्लादेश कब अस्तित्व में आया ?

(a) 1970

(b) 1971

(c) 1972

(d) 1973

37. निम्न में से कौन-सा देश आसियान का सदस्य नहीं है ?

(a) इण्डोनेशिया

(b) फिलीपीन्स

(c) सिंगापुर

(d) श्रीलंका

38. कौन भारतीय व्यक्ति भारत का प्रथम गर्वनर जनरल था ?

(a) सी. आर. दास

(b) सी. राजगोपालाचारी

(c) पं. जवाहर लाल नेहरू

(d) इनमें से कोई नहीं

bsebresult.in

39. किस देश ने सुरक्षा परिषद में निषेधाधिकार का सर्वाधिक बार प्रयोग किया ?

(a) यू. एस. ए.

(b) फ्रांस

(c) रूस

(d) चीन

40. योजना आयोग को भंग कर कौन-सा आयोग बना ?

(a) नीति आयोग

(b) वित्त आयोग

(c) राज्य वित्त आयोग

(d) इनमें से कोई नहीं

bsebresult.in

## SECTION-B

प्रश्न संख्या 1 से 10 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक निर्धारित है।

1. बहुदलीय व्यवस्था क्या है ?

अथवा

भारतीय राजनीति में 'काँग्रेस प्रभुत्व' से आप क्या समझते हैं ?

2. भारत में 'विविधता में एकता' है, स्पष्ट करें।

अथवा

जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। कारण बताएँ।

3. द्विराष्ट्र का सिद्धान्त क्या है ?

अथवा

स्वतन्त्रता के समय भारत के पास कौन-कौन सी चुनौतियाँ थीं ?

4. श्वेत क्रान्ति से क्या तात्पर्य है ?

अथवा

हरित क्रान्ति क्या है ?

5. एकध्रुवीयता का क्या अर्थ है ? यह कब प्रारम्भ हुआ ?

अथवा

भारतीय विदेश नीति के चार अनिवार्य कारक बताएं ?

6. उन कारणों का वर्णन करें जिनके कारण 1975 में आपात काल की घोषणा हुई थी।

अथवा

गैर-काँग्रेसवाद से आप क्या समझते हैं?

bsebresult.in

7. नर्मदा बचाओ के पक्ष एवं विपक्ष में तर्क दीजिए।

अथवा

चिपको आन्दोलन पर एक टिप्पणी लिखें।

8. उत्तर-दक्षिण संवाद का क्या ध्येय था ?

अथवा

द्विध्रुवीय विश्व की समाप्ति के बाद गुट निरपेक्ष आन्दोलन की क्या प्रासंगिकता थी ?

9. 'पंचशील' के सूत्र बताएँ।

अथवा

दक्षेस (SAARC) क्या है ?

10. संयुक्त राष्ट्र के महासचिव पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

अथवा

रंगभेद क्या है ?

प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

11. कश्मीर समस्या पर निबन्ध लिखें।

अथवा

राष्ट्र निर्माण का अर्थ बताइए।

12. मिश्रित अर्थव्यवस्था क्या है ? भारत के संदर्भ में वर्णन करें।

अथवा

भारत में नीति आयोग के संगठन एवं कार्यों की विवेचना कीजिए।

bsebresult.in

13. भारत-पाक सम्बन्ध पर संक्षिप्त लेख लिखें।

अथवा

भारत की विदेश नीति का वर्णन करें।

14. गुट निरपेक्ष आन्दोलन अब अप्रासांगिक हो गया है। अपने विचार प्रस्तुत करें।

अथवा

यूरोपीय संघ की कौन सी चीजें एक प्रभावी क्षेत्रीय संगठन बनाती हैं ?

15. संयुक्त राष्ट्र संघ का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें।

अथवा

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की क्या भूमिका है ?

बिहार बोर्ड से संबंधित सभी जानकारी, लेटेस्ट न्यूज़, प्रश्न पत्र, मॉडल पेपर, एडमिट कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड, परीक्षा तिथियां, आधिकारिक डायरेक्ट लिंक इत्यादि सबसे पहले पाने के लिए...

BSEBResult.In

विजिट करें।